**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# कठिन मेहनत का कोई विकल्प नहीं: राज्यपाल

**दीक्षांत समारोह**

## दून विश्वविद्यालय में बुधवार को द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन

**संवाददाता**

देहरादून। राजधानी देहरादून स्थित दून विश्वविद्यालय में बुधवार को द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल ले जनरल गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान हंस फाउंडेशन की प्रणेता माता मंगला को डी लिट की मानद उपाधि प्रदान की। महंत देवेंद्र दास को भी डी लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई। एसजीआरआर विवि के कुलपति डा. उदय सिंह रावत ने प्रतिनिधि के तौर पर उपाधि प्राप्त की।




कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियां गिनाई। राज्यपाल ने कहा कि कठिन मेहनत का कोई विकल्प नहीं। छात्रों से कहा आप डिग्री लेकर जा रहे हैं, ये भविष्य की ओर आपका पहला कदम है। हमारे समाज मे बेटियां खड़ी हो गई हैं। इस प्रदेश की महिलाओं में अलग ऊर्जा है। समारोह में दून विश्विद्यालय के 2017, 2018, 2019, 2020, 2021 बैच के छात्रों को उपाधि प्रदान की गई। वहीं 2017, 2018, 2019, 2020 बैच के स्वर्ण पदक विजेताओं को डिग्री प्रदान की गई।

**सशक्त नारी, सशक्त राष्ट्र थीम**

इस वर्ष का दीक्षांत समारोह सशक्त नारी, सशक्त राष्ट्र थीम पर चल रहा है। हंस फाउंडेशन की प्रणेता माता मंगला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम भारतीय देवियों की पूजा कर करती हैं। हमारी पहाड़ की मातृशक्ति का जीवन बेहद कठिन और मुश्किल है। सभी उपाधि प्राप्त करने वालों को मेरी तरफ से बधाई। हमारे संस्कार बचपन मे गढ़ दिए जाते हैं। उन्होंने मातृ शक्ति और सीडीएस जनरल स्व.बिपिन रावत और सभी शहीदों को नमन किया। कहा कि हंस फाउंडेशन प्रदेश के लोगों को हर तरह की सुविधाएं देने का प्रयास कर रहा है।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने आज देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके घंटाघर स्थित मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि देश में एकता आये और भर्ष्टाचार समाप्त कराया जाए सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रभात डंडरियाल,आरिफ वारसी, राम सिंह प्रधान,विपुल नोटियाल,प्रदीप कुकरेती,नवनीत गोसाँई ,दानिश नूर,सुशील विरमानी,राम लाल खण्डूरी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### बायोरिसर्ज अपने प्रमुख हीरो प्रोडक्ट्स के साथ भारत में पसार रहा अपना पैर

**संवाददाता** देहरादून। बायोरिसर्ज त्वचा की देखभाल, बालों की देखभाल, स्वास्थ्य देखभाल, शिशु देखभाल, सौंदर्य देखभाल और आर्गेनिक वैलनेस के लिए भारत के अग्रणी ऑनलाइन आयुर्वेद स्टोर ने अपने प्रमुख हीरो प्रोडक्ट्स की एक प्रमुख श्रृंखला पेश की है, जैसे कि लाइटवेट टैबलेट, विभिन्न उपचारों के लिए लिटवेट हर्बलटी, शिलाजीत हेयर पैक, पद्म केश हेयर पैक और आयुर्वेदिक माउथ वॉश। इस उपलक्ष पर विनोद अग्रवाल, एमडी और सीईओ, बायोरिसर्ज ने कहा – हम अपने सभी आयुर्वेदिक उत्पादों, विशेष रूप से इन प्रमुख उत्पादों को पेश करते हुए बेहद खुश हैं, जो सभी बाजारों के लिए 100 प्रतिशत शुद्ध और प्राकृतिक जड़ी–बूटियों से निर्मित हैं। हमारा अंतिम उद्देश्य आम दिन–प्रतिदिन के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों का स्थायी समाधान खोजना है।

### मिंत्रा के बाई–एन्युअल ईओआरएस का 15वां संस्करण मिंत्रा 18 दिसंबर से

**संवाददाता** देहरादून।देश का मेगा फैशन कार्निवल मिंत्रा के बाई–एन्युअल ईओआरएस का 15वां संस्करण नए साल से पहले लाखों शॉपर्स की खुशी बढ़ाने के लिए आ रहा है इस बार ईओआरएस का आयोजन 18दिसंबर से 23दिसंबर के बीच होगा इस आयोजन में शॉपर्स को ईओआरएस के अब तक के सबसे बड़े संग्रह में 5,000 से ज्यादा ब्रांड्स के 1मिलियन स्टाईल्स शानदार ऑफरों के साथ मिलेंगे यह 6दिवसीय ईवेंट देश में 40लाख ग्राहकों की फैशन ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल की जरूरतों को पूरा करेगी इस बार बीएयू के दिनों में डिमांड के 2.5गुना तक बढ़ने की उम्मीद है पिछली सर्दियों के मुकाबले 20प्रतिशत ज्यादा ट्रैफिक के साथ मिंत्रा को इस ईवेंट के दौरान 700,000 नए ग्राहकों तथा 45फीसदी ट्रैफिक टियर2 एवं टियर3 शहरों से आने की उम्मीद है।

### सीएम ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का देवभूमि आवगमन पर किया स्वागत



**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का देवभूमि उत्तराखण्ड आगमन पर स्वागत किया। इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा मदन कौशिक भी उपस्थित थे।

### महेंद्र भाटी हत्याकांड: सजा बढ़ाने की मांग करने वाली याचिका खारिज

**संवाददाता** नैनीताल। हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के दादरी से पूर्व विधायक रहे महेंद्र भाटी हत्याकांड के आरोपी प्रनीत भाटी को भी बरी कर दिया है। मामले में डीपी यादव, करन यादव, लक्कड़ पाला सिंह को कोर्ट पहले ही बरी कर चुका है। इस मामले में अब सभी आरोपी बरी हो चुके हैं।
कोर्ट ने सभी दोषियों आरोपियों की सजा बढ़ाने की मांग करने वाली महेंद्र भाटी के बेटे की याचिका को खारिज कर दिया है। मामले में हाईकोर्ट ने सीबीआई कोर्ट के उस फैसले को पलट दिया है, जिसमें सीबीआई कोर्ट ने इन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। कुछ दिन पूर्व कोर्ट ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था।

